राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–:प्रेस नोटः–

दिनांकः 19/01/2022

आयोग द्वारा सहायक अभियंता (सिविल/विद्युत/यांत्रिकी/कृषि) संयुक्त प्रतियोगी मुख्य परीक्षा–2018की उत्तर–पुस्तिकाएं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अभ्यर्थियों के अवलोकन हेतु आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 14.02.2022 से 31.05.2022 तक अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त मुख्य परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है जो अभ्यर्थी सूचना का अधिकार के तहत स्वयं की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहते हैं, वे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत ऑफलाईन प्रार्थना–पत्र निर्धारित शुल्क रू 10/– के भारतीय पोस्टल आर्डर के साथ दिनांक 01.02.2022 से 30.04.2022 तक आयोग कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें। जिन अभ्यर्थियों के प्रार्थना–पत्र दिनांक 30.04.2022 तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जायेंगे उनकी उत्तर पुस्तिकाएं आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी जायेंगी। दिनांक 30.04.2022 के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रार्थना–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के अभ्यर्थी दिनांक 31.05.2022 तक अपनी उत्तर–पुस्तिकाएं डाउनलोड कर ले। दिनांक 31.05.2022 के पश्चात् उक्त परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाएं आयोग की वेबसाइट से हटा ली जायेगी।

(एच. एल. अटल)
सचिव